गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

(I.S.O. 9001:2015 एवं I.S.O. 14001:2015 प्रमाणित संस्था)

विकास पथ, गाजियाबाद

पत्रांक सं0: 363 / नियो0अनु0 / 2022 दिनांक: 28.09.2022

सार्वजनिक सूचना

एतद्‌द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोविन्दपुरम योजना के तलपट मानचित्र में ब्लाक–ए मे दर्शित पैट्रोल पम्प भूखण्ड क्षेत्रफल 548.23 वर्ग मी0 को व्यवसायिक भूखण्ड मे परिवर्तित किये जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 30.04.2022 मे मद सं0 459 / 06 पर प्रस्तुत किया गया, जिसमें मा0 बोर्ड द्वारा उक्त परिवर्तन के अनुमोदन के साथ जन–सामान्य से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया है। तत्क्रम मे ले–आउट प्लान मे उक्त संशोधन के सम्बन्ध मे जन–सामान्य से प्रकाशन की तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाते है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / सुझाव प्रस्तुत करना हो तो उक्त नियत अवधि के अन्तर्गत अपनी आपत्ति / सुझाव कार्यालय मुख्य नगर नियोजक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण मे किसी भी कार्यदिवस मे प्राप्त करा सकते है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति / सुझावो पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा।

सचिव

ई-मेल: **helplinegda@gmail.com**, f: @Gda Ghaziabad, twitter: @gdagzb

हेल्पलाईन 0120-6110433, व्हाट्सएप: 9990988004 वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर........ हमारा संकल्प